



## खबर संक्षेप

### ट्रेलर ने की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**रायगढ़।** लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत में एक तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। वहीं परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर आरोपी ट्रेलर चालक के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रूडूकेला निवासी मनोज कुमार भगत लैलूंगा स्थित नीरज प्रोविजन स्टोर में काम करता था। हर दिन की तरह शनिवार को वह दुकान काम करने गया, उसके बाद दुकान का काम खत्म होने के बाद रात में करीब 8 बजे अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 एएन 4575 से वापस घर लौट रहा था। इसी बीच रास्ते में लैलूंगा व रूडूकेला के बीच वह लैलूंगा से कोतबा की तरफ जा रहे एक तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आ गया। घटना रूडूकेला रोड पर क्रेशर के पास घटित हुआ है। इस दुर्घटना में उसकी मोटरसाइकिल दूर जा गिरी, वहीं उसे भी बुरी तरह से चोंट आई। उसके सिर, हाथ, पैर में गंभीर चोट पहुंची। जिसके कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं इस दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों को भीड़ वहां एकत्र हो गई। इधर सूचना मिलने पर थाना प्रभारी राजेश जांगड़े भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। जहां पीएम के बाद मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी श्री जांगड़े ने बताया कि आरोपी ट्रेलर चालक फिलहाल फरार है। जिसकी पतासाजी की जा रही है। जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

### सामान जलकर खाक, मीलूपारा की घटना

# हार्डवेयर दुकान में लगी आग, घंटों मशक्कत के बाद पाया गया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के तमनार क्षेत्र के ग्राम मिलूपारा में बीती रात शार्ट सर्किट से एक हार्डवेयर दुकान में अचानक आग लग जाने की घटना में करोडो का सामान जलकर खाक हो गया। मामला तमनार थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक तमनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मिलूपारा गांव में स्थित गणेश ट्रेडर्स में बीती रात 12 बजे के आसपास आग लग गई और फिर इस आग ने भयावह रूप अख्तियार कर लिया जिससे दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। आगजनी की जानकारी मिलते ही दुकान संचालक ने इस घटना से तमनार पुलिस को अवगत कराया जिसके बाद पुलिस टीम के अलावा फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची तब तक दुकान का सारा सामान जल चुका था।



### आगजनी के कारणों की होगी जांच

इस मामले में तमनार पुलिस ने बताया कि आगजनी की सूचना पर उनकी टीम मौके पर पहुंची हैए काफी मात्रा में दुकान में रखा सामान जलकर राख हो गया है। यहां आगजनी की घटना शार्ट सर्किट से हुई है या किसी अन्य कारण से हुई इस बात की पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है। जांच के बाद ही आगजनी के कारणों का पता लगाया जा सकता है।

### दुकान का नहीं हुआ था बीमा

बताया जा रहा है कि दुकान के बरामदे का बल्प के अलावा दुकान के नेम प्लेट वाला बोर्ड का लाईट जल रहा था जिससे आशंका जताई जा रही है कि शार्ट सर्किट की वजह से ही दुकान में आगजनी की घटना हुई होगी जिससे दुकान संचालक को काफी नुकसान हुआ है। दुकान संचालक के अनुसार दुकान में करोड़ों का हार्डवेयर सामान रखा हुआ था और दुकान का बीमा भी नहीं हो पाया था।

### मां काली एलाएज पर 25 हजार का जुर्माना

**रायगढ।** जिले के करीब आधा दर्जन से भी अधिक उद्योगों के खिलाफ पर्यावरण विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया है जिसमें माँ काली एलायस का नाम भी शामिल है इस कार्रवाई में पर्यावरण विभाग की टीम ने अचानक उद्योगों में जांच के दौरान पर्यावरण नियमों की अनदेखी पाने के साथ साथ बड़े पैमाने पर नियम विरूद्ध काम पाए थे इस संबंध में संबंधित विभाग की टीम ने मां काली एलायस ग्राम पाली पर भी जुर्माना लगाया है। इस संबंध में जिला पर्यावरण अधिकारी अंकित साहू ने बताया कि समय समय पर मा काली कम्पनी में भी जांच टीम ने ईएसपी बंद होनें के साथ साथ प्रदूषण संबंधी नियम का भी उल्लंघन पाया था और अर्थदण्ड में जुर्माना अधिरोपित करके पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगाई गई है।

# विद्युत तार की चपेट में आने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तमनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लमडांड खुरूसलेंगा निवासी 22 वर्षीय युवक की मौत करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से हो गई। बताया जा रहा है कि यह तार जंगली सुअर के शिकार के लिए बिछाया गया था। सूचना मिलने पर पुलिस ने अपराध दर्ज करते हुए मामले को विवेचना में लिया है।

- शिकार के लिए बिछाया गया था तार, तमनार के लमडांड की घटना

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक का नाम सरोज बंजारा पिता कार्तिक राम बंजारा उम्र 22 वर्ष निवासी लमडांड खुरूसलेंगा बताया जा रहा है। पुलिस को प्राप्त पीएम रिपोर्ट के अवलोकन के आधार पर यह पाया गया है कि सरोज की मृत्यु जंगली सुअर मारने हेतु लगाए गए जीआई तार में प्रवाहित करंट की चपेट में आने से हुई है। मौके पर जले हुए तार, बांस के तीरनुमा टुकडे भी मिले हैं। जंगली सुअर मारने के उद्देश्य से जीआई तार को लगभग 1 किलो मीटर दूर से 11 ज्ञट विद्युत लाईन खंभा से कनेक्शन लेकर तार बीछाया गया था। मौके पर जांच करने पर पुलिस को साक्ष्य छुपाने की मंशा से मृतक के शव को घटना स्थल से घसिट कर डोंगरी नीचे छुपाया जाना पाया गया है। मृतक के दायां पैर टखना के पास विद्युत करंट से जलने का निशान भी देखे जा सकते हैं। अहम बात यह है कि तार बीछाने वाला अज्ञात व्यक्ती यह जानता है कि इस तार की करंट से इंसान की मौत हुई है। यही वजह है कि उसने साक्ष्य भी मिटाने की कोशिश की है। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 105, 238 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### मार्च 2025 तक हर घर नल लगाने का लक्ष्य

# जल जीवन मिशन के 2 ठेकेदारों के एग्रीमेंट निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जल जीवन मिशन में कई ठेकेदार ऐसे हैं जिन्होंने एग्रीमेंट करने के बाद भी काम शुरू नहीं किया। ऐसे दो ठेकेदारों का टेंडर निरस्त कर अमानत राशि राजसात की गई है। हर घर को नल से जल उपलब्ध कराने की मंशा पर ठेकेदार ही पानी फेर रहे हैं। रायगढ़ जिले में ऐसे भी ठेकेदारों ने काम हासिल कर लियाए जिन्होंने कभी टंकी और पाइपलाइन का काम ही नहीं किया। बिलो में टेंडर लेने के बाद इसे पेटी में दूसरे को दे दिया।

इस वजह से काम प्रभावित हुआ। काम लेने के बाद इसे पूरा करने के लिए समय सीमा तय की गई थी। अब मार्च 2025 तक सारें प्रोजेक्ट पूरे किए जाने हैं। 2022 से अभी तक कई ठेकेदारों ने काम भी शुरू नहीं किया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने ऐसे दो ठेकेदारों का एग्रीमेंट निरस्त कर दिया है। धरमजयगढ़ में रामपुर के जल जीवन मिशन का काम केपी राठौर को दिया गया था। 34 लाख की लागत से काम होना था लेकिन काम अन्न तक शुरू ही नहीं किया गया। टेंडर निरस्त कर ठेकेदार की अमानत राशि 25600 रुपए जब्त कर ली गई। इसी तरह धरमजयगढ़ में ही ग्राम हितकालो में जल जीवन मिशन का काम जांजगीर की हीरादेवी को मिला था। 65.49 लाख की लागत से काम होना था लेकिन प्रारंभ ही नहीं किया गया। टेंडर निरस्त करते हुए अमानत राशि 49100 रुपए राजसात कर लिया गया। अभी भी कई गांवों में काम बेहद पिछड़ा हुआ है। मल्टी विलेज प्रोजेक्ट तो बहुत देरी से शुरू हुए क्योंकि डीपीआर को विलंब से मंजूरी मिली।

# रेलवे ट्रैक पर मिली महिला की लाश



**रायगढ।** खरसिया राबर्टसन डाउन लाइन के पास मालगाडी के चालक विजेन्द्र कुमार एवं ट्रेन मैनेजर उनके भांगे के द्वारा खरसिया पुलिस को सूचित किया गया कि एक महिला जिसकी उम्र लगभग 35 वर्ष जो कि सफेद लाल साड़ी पहनी हुयी है, समय 12.52 मे ट्रेन के सामने आ गयी थी और वह मृत पायी गयी। जिनका शरीर ट्रैक पर ही पड़ा हुआ है। सूचना पर खरसिया पुलिस मौके पर पहुंची और मृत शरीर की जांच पड़ताल उसकी पहचान के लिए पतासाजी में जुटी हुई है। प्रथम दृष्ट्या आशंका जताई जा रही है कि ट्रेन से गिर जाने से दुर्घटनावश ये हादसा हुआ है। फिलहाल चौकी खरसिया पुलिस जांच पता साजी में जुटी हुई है। खरसिया पुलिस की अपील है कि अगर उक्त अज्ञात महिला के शव के बारे में इसके पहचान के बारे में कोई भी जानकारी मिले तो तत्काल खरसिया चौकी में सूचित करे।

# खड़े ट्रेलर से टकराकर बाइक सवार की गई जान, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सडक़ किनारे खड़े ट्रेलर से एक बाइक चालक पीछे से टकराकर घायल हो गया था, जिससे उपचार के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार तमनार थाना क्षेत्र के ग्राम महुआपाली निवासी खूबचंद साहू पिता हरिराम साहू 34 वर्ष शुक्रवार को अपने दोस्त की बिना नंबर होंडा साइन मांग कर तमनार आया हुआ थाए जहां से काम निपटने के बाद शाम करीब 6 बजे अपने घर जाने के लिए निकला था, इस दौरान ग्राम इंदिरानगर स्थित जनपद पंचायत तमनार के पास पहुंचा ही था कि सडक़ किनारे खड़ी ट्रेलर क्रमांक सीजी.13 एलए 9175 से जाकर टकरा गया, जिससे उसके सिर व चेहरा में गंभीर चोट आई थी। इस दौरान ग्रामीणों ने देखा तो तत्काल इसकी सूचना डायल 112 को दिया, जिससे पुलिस टीम ने उसे उठाकर तमनार स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराते हुए घटना की सूचना उसके परिजनों को दिया। जहां डाक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए तत्काल रायगढ़ रेफर कर दिया। ऐसे में परिजन उसे रात करीब 9 बजे मेडिकल कालेज अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डाक्टरों ने प्राथमिक जांच में ही मृत घोषित कर दिया। शनिवार को अस्पताल से भेजी गई तहरीर पर चक्रधरनगर पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया है।



## खबर संक्षेप

### अज्ञात कारणों से नाबालिग बालिका ने लगाई फांसी, मौत

**रायगढ़।** छाल थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी एक 16 वर्षीय बालिका ने अज्ञात कारणो से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा करते हुए उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतिका का नाम कल्पना निषाद उम्र 16 वर्ष है। उसके पिता श्रवण निषाद टेंट का काम करते हैं। टेंट में लगने वाले लोहे के एंगल को अपने घर के पीछे रखे हुए थे। जहां कल्पना ने घर के पीछे जाकर अज्ञात कारणों से चुनरी को फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि परिजन घर के पीछे पहुंचे तो उन्होंने बालिका की फांसी के फंदे पर लटकी हुई लाश देखी, जिसके बाद उन्होंने आनन फानन में मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। समाचार लिखे जाने तक आत्महत्या का कारण स्पष्ट नही हो सका है। मौके पर कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। पुलिस परिजनों के साथ ही आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है।

### मोटरसाइकिल चोरी अपराध दर्ज

**रायगढ।** कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित मिश्रा गली रामगुड़ी पारा में बीते दिनों एक मोटरसाइकिल की चोरी के मामले में कोतवाली पुलिस ने अपराध दर्ज करते हुए विवेचना शुरू कर दी है। इस संबंध में रमेश निषाद पिता कार्तिकराम निषाद निवासी शहीद चौक ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह सुभाष चौक स्थित आशाराम ट्रेडिंग में सेल्समेन के रूप में काम करता है। बीते 18 अक्टूबर को वह अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 एएच 7355 से रामगुडी पारा में रहने वाले अपने मित्र के घर गया था। उसने अपनी मोटरसाइकिल घर के बाहर खडी कर दी थी, 19 अक्टूबर की सुबह जब वह अपने घर जाने के लिए निकल रहा था तब उसने देखा कि उसकी मोटरसाइकिल गायब थी। ऐसे में उसने आसपास में पतासाजी की, किंतु जब मोटरसाइकिल के बारे में कुछ पता नहीं चला तो उसने कोतवाली थाने पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज कराई।

### मंदिर के पास से बाइक की चोरी, अपराध दर्ज

**रायगढ़।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गौरीशंकर मंदिर के समीप खड़ी एक मोटरसाइकिल को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। इस मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज करते हुए विवेचना प्रारंभ कर दी है। इस संबंध में संतोष कुमार सिंह पिता रामप्रसाद सिंह निवासी बंदे अली फातमीनगर चांदमारी ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह एससीईएल में डाटा इंट्री आपरेटर के पद पर कार्यरत है। वह बीते 18 अक्टूबर की रात करीब 8.30 बजे अपने बेटे के साथ किसी काम से गौरी शंकर मंदिर चौक स्थित ग्रैण्ड मॉल गया था और इस दौरान अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 यूए 9607 को बाहर खड़ी किया था। जब वे वापस आए तो मोटरसाइकिल गायब थी। जिसके बाद उन्होंने थाने पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज कराई।

### दो मोटरसाइकिल में भिड़ंत, युवक घायल

**रायगढ।** पुसौर थाना क्षेत्र स्थित जोगीतराई मुख्य मार्ग पर दो मोटरसाइकिल की आपस मे भिडंत हो गई। जिसमें एक युवक बुरी तरह से घायल हो गया। घायल युवक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बाइक सवार के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। इस संबंध में शनि दास मंहत पिता अमर दास निवासी ग्राम खोखरा ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह सीएमएस कंपनी में कैश डिपोजिटर के पद पर कार्य करता है। बीते 17 अक्टूबर की सुबह करीब 5.30 बजे क्रिकेट खेलने के लिये रायगढ गया हुआ था, क्रिकेट खेल कर अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 13 एएक्स 6700 से वापस घर खोखरा जा रहा था। इसी बीच 8.25 बजे ग्राम जोगीतराई मेन रोड मोड के पास सामने की ओर से एक मोटर सायकल कमांक सीजी 13 ए 2018 का चालक अपने मोटर सायकल को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते लाकर उसे ठोकर मार दिया। जिससे उसके बाएं हाथ के कोहनी कलाई के पास, बांये कान तथा सीना मे चोट लगी है। वहीं मोटर सायकल के सामने भाग भी क्षतिग्रस्त हो गया है।

### सूने मकान में हजारों के आभूषण सहित नकदी की चोरी

**रायगढ़।** थाना भटगांव क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गिरवानी निवासी राजेन्द्र प्रसाद रात्रे पिता बोधवा रात्रे ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 18 अक्टूबर को वह अपने ससुराल ग्राम बलौदी अपनी पत्नी के साथ गया था और उसके दोनों बच्चे सुबह स्कूल गए थे। जब दोनों बच्चे वापस घर लौटे तो उसे फोन कर बताया कि घर मे चोरी हुई है। घर का दरवाजा और घर में लगे ताला टूटा हुआ है। कमरे में रखे आलमीरा से 01 तोला सोना, चांदी का पायल 36 तोला, 01 मासा सोना का नथली किमत करीब 60 हजार एवं नगदी रकम 20 हजार रूपए को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है।

### सडक किनारे मिली संदिग्ध लाश

**रायगढ।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम कोसमघाट के पास सडक किनारे कल शाम 7 बजे लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। जानकारी अनुसार कुडूमकेला के पास ग्राम कोसमघाट के पास सडक़ किनारे बुजुर्ग कि लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी मच गई हैए मृतक का नाम सालिक राम उम्र निवासी कोसमघाट बताया जा रहा है।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

# उत्साह के साथ मनाया गया शालू जिंदल का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिंदल फाउंडेशन की चेयरपर्सन एवं ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी की चांसलर श्रीमती शालू जिंदल का जन्मदिन रविवार को पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान जिंदल फाउंडेशन द्वारा संयंत्र के आसपास के गांवों और शहर में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और जरूरतमंद लाभान्वित हुए।




जिंदल फाउंडेशन द्वारा चेयरपर्सन श्रीमती शालू जिंदल के जन्मदिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पहाड़ मंदिर के पास स्थित वृद्धाश्रम में फोर्टिस ओपी जिंदल अस्पताल की सहभागिता में बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में बुजुर्गों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। यहां आवश्यकतानुसार दवाइयों का भी निशुल्क वितरण किया गया। बुजुर्गों ने श्रीमती जिंदल को जन्मदिन की बधाई देते हुए कीर्तन कर उनके दीर्घायु, स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन की कामना की। ग्राम डोंगाढकेल में जिंदल फाउंडेशन द्वारा पौधरोपण किया गया। ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया गया और रोपे गए पौधों की देखभाल का संकल्प दिलाया गया। यहां ग्रामीणों को मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी का वितरण भी किया गया। ग्राम कोसमपाली में बालिकाओं के लिए कबड्डी स्पर्धा आयोजित की गई। स्पर्धा में आसपास के गांवों की बालिका टीमों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। जिंदल फाउंडेशन द्वारा संयंत्र के आसपास के सभी गांवों में स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर काम कर रहीं स्वास्थ्य संगिनियों ने जेएसपी परिसर में जन्मदिन मनाया। उन्होंने केक काटकर श्रीमती जिंदल को अपनी शुभकामनाएं दीं। पतरापाली स्थित विशेष बच्चों के संस्थान जिंदल आशा में जिंदल स्टील एंड पॉवर के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर सब्यसाची बंद्योपाध्याय एवं जिंदल लेडिज क्लब की अध्यक्ष श्रीमती अनंदिता बंद्योपाध्याय ने विशेष बच्चों और उनके अभिभावकों के साथ केक काटकर जन्मदिन की खुशियां मनाईं। इस अवसर पर सीएचआरओ खिरोद कुमार बारीक सहित जिंदल लेडिज क्लब की सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान विशेष बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरीं। जिंदल फाउंडेशन की एसएसडी पूंजीपथरा इकाई द्वारा ग्राम तुमीडीह एवं पूंजीपथरा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने इस शिविर का लाभ उठाया। साथ ही संयंत्र परिसर में भी केक काटकर खुशियां मनाई गईं। यहां संयंत्र प्रमुख कौशल शर्मा सहित लेडिज क्लब के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# फेसबुक पर दोस्ती कर अश्लील तस्वीरें वायरल कर बदनाम करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

थाना कोतरारोड़ क्षेत्र में एक युवती की सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर उसे बदनाम करने के मामले में कोतरारोड़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी मोहम्मद आसिफ कुरैशी 24 वर्ष को जैजेपुर सक्ती से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पीड़ित युवती के नाम से फेक इंस्टाग्राम आईडी बनाकर उसके सोशल मीडिया अकाउंट से तस्वीरें निकालकर अश्लील रूप में अपलोड की थीं। उसे आज न्यायिक रिमांड पर पेश कर जेल भेजा गया है।

पीड़ित युवती के भाई ने 18 अक्टूबर को थाना कोतरारोड़ में लिखित शिकायत दर्ज कराई कि 17 अक्टूबर को उसकी बहन की सगाई तय हुई थी। अगले दिन एक परिचित युवक ने सूचना दी कि उसकी बहन की अश्लील तस्वीरें एक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपलोड की गई हैं। जब परिवार ने यह इंस्टाग्राम अकाउंट चेक किया, तो पता चला कि यह फेक आईडी युवती के नाम से बनाई गई थी, जिस पर उसकी तस्वीरों के साथ आपत्तिजनक सामग्री अपलोड की गई थी। इस घटना से परिवार को गहरा आघात पहुंचा और उन्होंने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। आवेदन मिलने के तुरंत बाद थाना कोतरारोड़ में मोबाइल नंबर धारक के खिलाफ पर धारा 77, 79 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया। थाना प्रभारी त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में पीड़िता का बयान लिया गया और आरोपी की तलाश शुरू की गई। इंस्टाग्राम अकाउंट की जांच से आरोपी की पहचान मोहम्मद आसिफ कुरैशी, निवासी किरोड़ीमल नगर के रूप में हुई, जिसका आखिरी लोकेशन रायपुर में पाया गया। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें गठित की गईं। एक टीम को रायपुर भेजा गया जबकि दूसरी टीम आरोपी के रिश्तेदारों से जानकारी जुटाने में लगी रही। आरोपी जो गिरफ्तारी से बचने के लिए अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर छिपा हुआ थाए को पुलिस ने जैजेपुर में घेराबंदी कर हिरासत में लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी मोहम्मद आसिफ कुरैशी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसने बताया कि उसकी 8 साल पहले फेसबुक के माध्यम से पीड़िता से मित्रता हुई थी। जब उसे 17 अक्टूबर को युवती की सगाई की सूचना मिलीए तो उसने बदला लेने की भावना से 18 अक्टूबर को युवती के नाम से फेक इंस्टाग्राम आईडी बनाकर उसमें अश्लील तस्वीरें और वीडियो अपलोड कर दिए। इसके बादए उसने अपने मोबाइल की सिम कार्ड तोड़कर रायपुर में फेंक दी थी। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन विवो को जब्त कर लिया है और आरोपी पर आईटी एक्ट की धारा 66, 67 के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### पार्क के सामने से बिजलीकर्मी की दुपहिया चोरी

**रायगढ़।** शहर के कमला नेहरू पार्क के सामने रायगढ़ मेडिकल कालेज में बिजली विभाग में टेक्नीसियन का काम करने वाले युवक की मोटर सायकल चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। मिली जानकारी के अनुसार चक्रधर नगर थाने में बड़े जामपाली निवासी तिज्या कुमार यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह रायगढ़ मेडिकल कालेज बिजली विभाग में टेक्नीसियन का काम करता है। 15 अक्टूबर की शाम 7 बजे वह अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 13 यूसी को कमला नेहरू गार्डन के सामने खड़ी कर पार्क में घुमने चला गया था। पीड़ित युवक ने बताया कि रात करीब 8 बजे जब वह वापस आया तो देखा कि जिस जगह पर उसने अपनी मोटर सायकल खडी किया था वह उस जगह से गायब मिला। काफी खोजबीन करने के बावजूद युवक की बाईक नही मिलने के पश्चात पीड़ित युवक ने चक्रधर नगर थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया है।

# बिरसा मुंडा की जयंती पर जल, जंगल जमीन बचाओ महारैली का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ ब्लॉक में छाल तहसील क्षेत्र अंतर्गत कई ग्राम पंचायत में निवास करने वाले आदिवासी समाज के समाज के सदस्य एवं समस्त स्तर के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, छाल नवापारा रोड बूढ़ा देव देवरास के सामुदायिक भवन पर उपस्थित हुए, जो कि बैठक चंद्रमणि राठिया के अध्यक्षता में विचार सुझाव समाज प्रमुखों द्वारा रखा गया। जिसमे चिंतन विचार कर कई महत्पूर्ण निर्णय लिए गए है।

धरमजयगढ़ ब्लॉक वनांचल क्षेत्र होने के कारण आदिवासी समाज से अधिक किसानों आते हैए जो किसान कई दिनों तक मेहनत किया रहता है। जो अब एक पल में ही फसल नुकसान हो जाती है एवं जनहानि जंगली हाथी द्वारा अब अधिक होने लगी है, और जिसके कारण किसानों को अब अधिक आर्थिक क्षति हो रही है, शासन प्रशासन द्वारा आज तक कोई पहल नहीं की जा रही है। इसलिए हम सरकार से जनहानि में 50 लाख और सरकारी नौकरी एवं फसल नुकसान में सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य के बराबर मुआवजा राशि के मांग को लेकर छाल तहसील घेराव करने की तिथि 11 नवंबर दिन सोमवार को प्रस्ताव पारित किया गया है। सरकार द्वारा अनुमति देकर लगाए जा रहे उद्योग खदानों के कारण मानव जीवन में हानिकारक को बढ़ावा दे रहा है। जल जंगल जमीन अस्त व्यस्त हो रही है, जीव जंतु गांव की ओर तरफ आ रही हैए जिससे जनहानि भी बढ़ रही है। विकास के नाम पर विनाश को बढ़वा दे रहा है। जिसकी विरोध की गति में अब तेजी लानी है। और विभिन्न समस्याओं को लेकर आगामी 15 नवंबर धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती पर जल जंगल जमीन बचाओ महारैली घेराव की तैयारी की जा रही है। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे समाज प्रमुख चंद्रमणि राठिया अध्यक्ष, महेन्द्र सिदार ब्लॉक अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, रमेश कुमार राठिया ब्लॉक उपाध्यक्ष, शौकीलाल नेताम सलाहकार, परमेश्वर राठिया, भगत राम छाल तहसील प्रभारी संतोष मरकाम, कवल राठिया, उदय राठिया, टंकेश्वर राठिया, तोरन राठिया, भाकुलाल राठिया, दिगम्बर राठिया, रामजी राठिया, अजीत राम, गंगाराम, रेशमलाल राठिया, डोलेश्वर राठिया, विलास राठिया, जोतराम राठिया,अशोक कुमार, मन मोहन, दौरातन, संजय कुमार आदि समाज लोग उपस्थित रहे।

# अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई के लिए पुलिस को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

घरघोड़ा के आदिवासी क्षेत्र पतरापाली में कच्ची शराब का अवैध कारोबार गली कूचों तक फैला हुआ है। शराबियों के रोज के कलह और विवाद से महिलाएं परेशान हैं ।अनेकों घर टूटने के कगार तक जा पहुंचे हैं। ऐसे में गांव की मुखिया ने उप सरपंच एवं ग्राम सभा अध्यक्ष के सहयोग से शराबियों की नकेल कसने की तैयारी कर ली है।

उन्होंने पुलिस थाने में ज्ञापन के जरिए गांव में अवैध शराब पर सख्ती से कार्रवाई की मांग की है। पिछले कुछ समय से ग्राम पतरापाली अशांत वातावरण से जूझ रहा है। घरों में रोज की कहा.सुनी और विवाद से महिलाएं तंग आ चुकी है। वे करें भी तो क्या शराबियों पर उनके कहने का कोई असर ही नही होता! गांव के गली कूचों तक कच्ची शराब बनाने का अवैध कारोबार जोरो से चल रहा है। गांव से ही आसपास के अनेक होटल, ढाबों तक कच्ची शराब की सप्लाई चेन बनी हुई है। आदिवासी गांव होने से पुलिस और एक्साइज विभाग भी पतरापाली पर सख्ती दिखाने से बचता रहा है। ऐसे में गांव की मुखिया ने अपने सहयोगी उप सरपंच एवं ग्रामसभा प्रधान के साथ मिलकर गांव को शराबियों से मुक्त कराने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने गांव में अमन.चैन के लिये महिलाओं को संगठित करने के बाद घरघोड़ा पुलिस स्टेशन में ज्ञापन देकर कच्ची शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ ठोस कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में विस्तार से जानकारी दी गई है कि शराबियों की मनमानी से किस तरह टेरम, पतरापाली का माहौल बिगड़ा हुआ है।

#### 20 वर्ष पहले भी चलाई गई थी मुहिम

क्षेत्र में शराबियों के खिलाफ महिलाएं हमेशा से सजग रही हैं, उन्हें जब कभी सीमा लांघने का खतरा महसूस हुआ। वे शराबियों के खिलाफ मुहिम चलाने में जरा भी देर नही की है ए 20 वर्ष पहले भी इस अंचल में महिलाओं ने अवैध शराब की बिक्री रोकने के लिए एक बड़ा अभियान चलाया था। उसकी चर्चा राजधानी तक सुनी गई, पुराने लोग आज भी उस आंदोलन की कहानी सुनाते हैं।

# मिलूपारा बाजीखोल के पहाड़ में मिली अज्ञात युवक की लाश

**रायगढ़।** तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत मिलुपारा बांजी खोल रोड के पहाड़ी पर एक व्यक्ति की लाश मिली है। बॉडी 3-4 दिन पुरानी बतलाई जा रही है। बॉडी डिस्पोज होने के कारण चेहरा स्पष्ट रूप से दिखलाई नहीं पड़ रहा है, जिससे पुलिस को अज्ञात व्यक्ति की पहचान करने में मुश्किल हो रही है। मामले की जानकारी मिलने पर तमनार पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। फॉरेंसिक



टीम और तमनार पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मृत व्यक्ति की उम्र करीबन 25 वर्ष बताई जा रही हैए जो नीले रंग की जींस और भूरे कलर की शर्ट पहना हुआ है। राइट हैंड में काला धागा वाला ब्रेसलेट भी पहना हुआ है। लाश पुरानी होने की वजह से शरीर में किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं दिखलाई पड़ रहे हैं। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच व व्यक्ति की पहचान की जा रही है।

# पशु तस्करी कर झारखंड की ओर ले जा रहे तस्करों से पुलिस ने 5 मवेशियों को बचाया



**जशपुर।** पुलिस ने पांच मवेशियों को तस्करों से बचाने में सफलता पाई है। तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब हो गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध छग कृषि पशु परि. अधिनियम 4, 6, 10 एवं पशु क्रूरता अधिनियम 2010 की धारा 11 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में ले लिया है। पुलिस के अनुसार 19 अक्टूबर के रात्रि में मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम फतेहपुर जरिया के रास्ते अज्ञात पशु तस्कर मवेशियों को तस्करी करते हुए झारखंड की ओर ले जा रहे है। इस सूचना पर तत्काल थाना सिटी कोतवाली जशपुर से पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर घेराबंदी किया गया। घेराबंदी के दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर पशु तस्कर वहां से भाग गए। जबकी 5 मवेशियों को बरामद कर सुरक्षार्थ रखवाया गया है।

#### जल्द होगी गिरफ्तारी

पशु तस्करों के खिलाफ अभियान जारी है। 5 मवेशियों को तस्करी होने से बचाया गया है। फरार तस्कर की पतासाजी की जा रही है, आरोपी जल्द गिरफ्तार होंगें।

-शशिमोहन सिंह
पुलिस अधीक्षक,जशपुर

# कलेक्टर ने जम्बूरी टीम से चार दिन के सफर का जाना अनुभव

**जशपुर।** देश देखा जशपुर जम्बूरी टीम से चार दिन के सफर का अनुभव जानने कलेक्टर पहुंचे। कलेक्टर ने युवाओं से संवाद कर उनके अनुभव को जाना। जम्बूरी टीम के युवाओं ने कलेक्टर से पूछा कि आपको आइडिया आया कैसे। युवाओं ने कहा कि यह कार्यक्रम शानदार और रोमांचक भर रहा है। अपने जिन्दगी के बेहतरीन पल जशपुर की सुंदर वादियों में बिताए हैं। हम सब जशपुर की बहुत सारी यादें साथ लेकर जा रहे है।




जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जशपुर जम्बूरी छत्तीसगढ़ के साथ अन्य राज्य के युवाओं को जोड़ने का बेहतर तरीक़ा है। कलेक्टर ने जशपुर जम्बूरी के उद्देश्य बताए। यहाँ के विकास, पर्यटन को बढ़ाने, आदिवासी संस्कृति को लोगों तक पहुंचाने उनके रीति रिवाज, कला संस्कृति, लोक नृत्य, पारंपरिक धरोहर, पारंपरिक व्यंजन, रहन सहन से परिचित कराना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रयास कर रहे हैं। उसी उद्देश्य को लेकर जशपुर जम्बूरी एक छोटा सा प्रयास था। आने वाले समय में हम इसे और बेहतर करने का प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव मस्के, जनपद सीईओ लोखीत भगत, दिव्या प्रियदर्शिनी, पहाड़ी टीम, ट्रिपी हिल की टीम और बड़ी संख्या में जम्बूरी टीम के युवा उपस्थित थे।



# सीएम की अध्यक्षता में बैठक 22 को कलेक्टर व एसपी ने लिया जायजा

**जशपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में 22 अक्टूबर को मयाली नेचर कैम्प में क्षेत्र आदिवासी प्राधिकरण की बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल और पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने आज मयाली नेचर कैम्प की तैयारी का जायजा लिया। और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मंत्रियों के साथ सरगुजा प्राधिकरण के सदस्य भी शामिल होंगे। कलेक्टर ने व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। तैयारी में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने की बात कही है। कलेक्टर और एसपी ने मयाली झील में वोटिंग करके सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। प्रवेश द्वार मचान, वोटिंग एरिया, डोम में बैठक व्यवस्था, लाइटिंग, बैरिकेटिंग, स्वागत द्वार, मचान, लाइटिंग, भोजन व्यवस्था, पार्किंग, ग्रीन रूम, भोजन कक्ष, जनप्रतिनिधियों के लिए भोजन की व्यवस्था सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

- वोटिंग करके सुरक्षा व्यवस्था की ली जानकारी

### जगह जगह पुष्पवर्षा कर किया गया भव्य स्वागत

# आरएसएस ने पथसंचलन कर किया नगर भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला कांसाबेल के तत्वावधान में विजयादशमी के उलक्ष्य में रविवार को कोतबा नगर में पथ संचलन निकाला गया। विजयदशमी उत्सव व संघ की स्थापना के 99 वर्ष पूर्ण होकर शताब्दी वर्ष में प्रवेश करने के अवसर पर शस्त्र पूजन कर विजयादशमी उत्सव मनाया गया। इस दौरान पथ संचलन में नगर एवं आस पास के पत्थलगांव, बागबहार, कांसाबेल क्षेत्रों के सैकड़ों स्वयं सेवकों ने भाग लिया।




राष्ट्र स्वयं सेवक संघ के पथ संचलन का नगर में जगह-जगह समाजसेवियों, माताओं, बहनों सहित दुर्गा वाहिनी ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। पथ संचलन से पहले सभी स्वंयसेवक पारंपरिक वेशभूषा धारण कर दण्ड, अस्त्र, शस्त्र सहित नगर के तिलगोड़ा प्रांगण में एकत्रित हुए। यहां संघ के पदाधिकारियों ने विजयादशमी पर्व के बारे में स्वयंसेवकों को विस्तार से बताया। इसके साथ ही संघ को मजबूत करने व गांव-गांव तक संगठन के विस्तार को लेकर चर्चा की। मुख्य वक्ता देवेन्द्र सिंह विभाग सह सेवा प्रमुख सरगुजा ने स्वयंसेवकों को बताया कि यह संगठन भारतीय संस्कृति और नागरिक समाज के मूल्यों को बनाए रखने व आदर्शों को बढ़ावा देता है और बहुसंख्यक हिंदू समुदाय को मजबूत करने के लिए हिंदुत्व की विचारधारा का प्रचार करता है। इसका ध्येय मातृभूमि के लिए निःस्वार्थ सेवा भाव से कार्य करना है। प्रार्थना व भगवा ध्वज प्रणाम के बाद कदम-कदम मिलाकर बैंड बाजा की धुन में पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन तिलगोड़ा प्रांगण से प्रारंभ होकर, चौहान पारा, राम मंदिर पारा खड़यिा पारा, खालपारा, चट्टानपारा से गंझूपारा से मुख्य मार्ग में परशुराम चौक, बस स्टैण्ड, रायगढिया चौक से कारगिल चौक, झिंगरेल पारा होकर पुनः तिलगोड़ा मैदान में पथ संचलन का समापन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप नगर भ्रमण के दौरान जगह जगह घरों के आगे कलश दीप जलाकर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जा रहा था। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतबा पुलिस चौकी प्रभारी राकेश सिंह पुलिस बल के साथ तैनात रहे। पथ संचलन के दौरान भी पुलिस बल साथ-साथ मौजूद रहा।

# वेदांता कोल ब्लॉक में 7 नग ड्रीलिंग पाइप की चोरी, अपराध दर्ज

**रायगढ़।** वेदान्ता कोल ब्लॉक बर्रा के अंतर्गत सर्वे कार्य करने वाली कंपनी के ड्रीलिंग साईट में अज्ञात चोर ने धावा बोलकर 7 नग ड्रीलिंग पाईप उड़ा दिया। कंपनी के सुपरवाईजर ने तदाशय की रिपोर्ट थाने में कराते हुए बताया कि चोरी हुई पाईप की कीमत लगभग 28 हजार रूपए है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की पतासाजी प्रारंभ कर दी है। उक्त मामला खरसिया थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक खरसिया के बर्रा क्षेत्र में प्रस्तावित वेदान्ता कोल ब्लाक के लिए सर्वे का कार्य चल रहा है। महेश्वरी माईनिंग प्राईवेट लिमिटेड द्वारा सर्वे कार्य किया जा रहा है। कंपनी के सुपरवाईजर संजय तंतुबाई ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वेदान्ता कोल ब्लॉक के लिए महेश्वरी माईनिंग प्राईवेट लिमिटेड द्वारा सर्वे कार्य किया जा रहा है। सर्वे के लिए बर्रा साईट पर ड्रीलिंग मशीन लगाई गई है। गुरूवार एवं शुक्रवार की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने साईट में ड्रीलिंग पाईप स्टैण्ड में रखे 7 नग पाईप को पार कर दिया। सुबह जब मामले की जानकारी मिली तो प्रबंधन को इस बात की सूचना दी गई तथा प्रबंधन के निर्देश पर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने अज्ञात चोर के विरूद्ध बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत जुर्म दर्ज कर उसकी पतासाजी प्रारंभ कर दी है।

20- Oct- Jash-KORIYA-RGH-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 10/20/2024 8:02 PM Page 1





# 'सिंघम अगेन' का पहला गाना जय बजरंगबली रिलीज

**मुंबई।** बहुप्रतीक्षित रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स फिल्म 'सिंघम अगेन' का पहला गाना 'जय बजरंगबली' रिलीज हो गया है। हनुमान चालीसा से प्रेरित और अपने वीडियो में रामायण के संदर्भों को प्रदर्शित करने वाला यह शक्तिशाली ट्रैक त्योहारी सीजन के लिए बिल्कुल उपयुक्त है। यह गाना अपने आध्यात्मिक सार और हाई-एनर्जी बीट्स के साथ धूम मचाने के लिए तैयार है। गाना रिलीज होते ही यूट्यूब पर छा गया है और इसके व्यूज तेजी से बढ़ रहे हैं। 'जय बजरंगबली' गाने को कई प्रतिभाशाली गायकों ने अपनी आवाज दी है। इनमें श्रीकृष्ण, करीमुल्लाह, अरुण कौंडिन्य, चैतू सत्संगी, श्री साई चरण, सुधांशु, रितेश जी राव, सात्विक जी राव, पृथ्वी चंद्रा आदि शामिल हैं।

## लाइफ Style

# श्रद्धा



श्रद्धा कपूर फिल्मों में बेहतरीन अभिनय करने के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उनकी फिल्म 'स्त्री-2' भी काफी चर्चा में रही, इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा बिजनेस किया। फिल्म में उनके अभिनय से समीक्षक और दर्शक दोनों ही प्रभावित हुए।

## जितना हो सके, उतना रहना चाहिए रियल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एक तरफ श्रद्धा जहां अपनी एक्टिंग के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने की कोशिश करती हैं। वहीं सोशल मीडिया पर भी अपने फैंस से कनेक्ट रहती हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर उनके फॉलोइंग की बात की जाए तो उन्हें 9 करोड़ 36 लाख लोग फॉलो करते हैं। इस तरह से वह इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली भारतीय अभिनेत्री बन गई हैं। इस उपलब्धि के बारे में श्रद्धा कहती हैं कि वह खुद को इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रियल रखने की कोशिश करती हैं। वह कहती हैं, ' मैंने सोचा भी नहीं था कि सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा फॉलोअर होना इतनी बड़ी बात होगी। दरअसल, लोग हमें ज्यादा से ज्यादा देखना चाहते हैं, इसलिए जितना हो सके, उतना रियल रहना चाहिए। जो आप हैं, वह सोशल मीडिया पर दिखाना चाहिए।' इस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वह अपने फैंस के साथ कनेक्ट भी होती हैं, कमेंट सेक्शन में उनकी बातों के जवाब भी देती हैं। इस तरह अपने फैंस से कनेक्ट रहने के कारण ही, उनकी फैन फॉलोइंग लगातार बढ़ती रहती है। श्रद्धा कहती हैं, 'इंस्टाग्राम के कमेंट सेक्शन में बहुत ही एंटरटेनिंग लोग होते हैं, मुझे उनके कमेंट पढ़कर बड़ा मजा आता है।'

## हॉलीवुड मसाला



# नए जॉन-जेन की तलाश में मेकर्स

**लॉस एंजिल्स।** इस साल की शुरुआत में ही प्राइम वीडियो पर एक सीरीज 'मिस्टर एंड मिसेज स्मिथ' रिलीज हुई थी। इंट्रेस्टिंग स्टोरीलाइन, डायरेक्शन और बेहतरीन एक्टिंग का मिश्रण इस सीरीज में दर्शकों को देखने को मिला था, इसलिए इस सीरीज को काफी पसंद किया गया था। यही वजह है कि दर्शकों को इसके अगले सीजन का बेसब्री से इंतजार है। दर्शकों का यह इंतजार जल्द ही खत्म हो सकता है। क्योंकि ,हाल ही में इस सीरीज के मेकर्स ने अनाउंस किया है कि वह सीरीज के लीड कैरेक्टर्स जेन और जॉन के लिए नए चेहरों की तलाश कर रहे हैं।



# धूम मचाने आ रहा है पीटर पार्कर...

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है। टॉम हॉलैंड और जेंडाया के साथ 'स्पाइडर मैन 4' की तैयारियां शुरू हो गई हैं। दोनों एक्टर्स ने फिल्म की स्क्रिप्ट का पहला ड्राफ्ट भी पढ़ लिया है। टॉम ने कहा कि यह बहुत ही रोमांचक है। लेकिन, इस पर अभी काम करने की जरूरत है। मार्वल के फैंस के लिए एक खुशखबरी है। टॉम हॉलैंड ने हाल ही 'स्पाइडर मैन 4' को लेकर दिलचस्प खुलासा किया है। उन्होंने बताया है कि कुछ हफ्ते पहले ही उन्होंने अपनी को-स्टार जेंडाया के साथ 'स्पाइडर मैन 4' की सक्रिप्ट का फर्स्ट ड्राफ्ट पढ़ा है। मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स अपने फेज-5 में है। एमसीयू की पिछली फिल्म 'डेडपूल एंड वुल्वरीन' सुपरहिट रही है। टॉम हॉलैंड ने रिच रोल पॉडकास्ट में 'स्पाइडर मैन' फ्रेंचाइज की अगली फिल्म का जिक्र किया है।



# प्रियंका ने वेस्टर्न लुक में ढाया कहर

**नई दिल्ली।** प्रियंका चोपड़ा की प्रोडक्शन फिल्म 'पानी' रिलीज हो चुकी है। इस मराठी ड्रामा का निर्देशन अदिनाथ एम कोठारे ने किया है, जो इस फिल्म में मुख्य भूमिका में भी हैं। फिल्म में आदिनाश समेत रुचा वैद्य, सुबोध भावे, राजित कपूर, किशोर कदम, नितिन दीक्षित, सचिन गोस्वामी, मोहनबाई, श्रीपद जोशी और विकास पांडुरंग पाटिल भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। बीती रात मुंबई में 'पानी' की भव्य स्क्रीनिंग आयोजित की गई, जिसमें देसी गर्ल परिवार के साथ शिरकत करती नजर आईं। प्रियंका चोपड़ा ने एक चमकदार बेज रंग का गाउन पहनकर सारी लाइमलाइट चुरा ली। उन्होंने अपने आउटफिट को डायमंड ईयरिंग, स्टेटमेंट ब्रेसलेट और सिल्वर हाई हील्स के साथ स्टाइल किया था। डीवा ने अपने लुक को ग्लैम मेकअप और एक स्लीक बन के साथ पूरा किया।



# सनी की फिल्म 'जाट' की शूटिंग शुरू

**मुंबई।** सनी देओल की पाइपलाइन में कई चर्चित फिल्में हैं। सनी ने अगली फिल्म के लिए साउथ के सफल निर्देशक गोपीचंद मालिनेनी के साथ हाथ मिलाया है। शुरू में 'एसडीजीएम' नाम से चर्चित इस फिल्म का आधिकारिक शीर्षक 'जाट' है। फिल्म निर्माता 'जाट' के लिए गणतंत्र दिवस 2025 सप्ताहांत रिलीज का लक्ष्य बना रहे हैं। मैत्री मूवी मेकर्स ने अभिनेता के धाकड़ पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा, 'बड़े पैमाने पर कार्रवाई के लिए राष्ट्रीय परमिट वाले व्यक्ति का परिचय।' सनी जाट के रूप में जुड़ गए हैं।' मास एक्शन एंटरटेनर विशेषज्ञ के रूप में प्रख्यात गोपीचंद मालिनेनी वर्तमान में अपने करियर की अब तक की सबसे महत्वाकांक्षी फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। सनी देओल की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म की शूटिंग वर्तमान में हैदराबाद में की जा रही है।

## टीवी मसाला



# सालों बाद बिग बी ने पूरी की विद्या बालन की ख्वाहिश...

**नई दिल्ली।** विद्या बालन और कार्तिक आर्यन हाल ही में अमिताभ बच्चन के शो कौन बनेगा करोड़पति 16 में आए। दोनों अपनी अपकमिंग फिल्म भूल भुलैया 3 के प्रमोशन के लिए आए थे। तीनों ने साथ में काफी मस्ती की। इस दौरान का एक प्रोमो सामने आया है जिसमें विद्या, बिग बी से अपने दिल की बात करती हैं। वह कहती हैं कि बिग बी को लेकर उनकी एक ख्वाहिश थी जो अधूरी रह गई थी। लेकिन अब सालों बाद बिग बी ने उनकी इस ख्वाहिश को पूरा कर दिया है। विद्या ने कहा, पा की शूटिंग के दौरान एक सीन था बच्चन सर के साथ। मैं आज रपट जाए तो हमें ना उठाइयो गाने पर डांस करना था, लेकिन मैं आपकी मां का किरदार निभा रही थी तो मैंने मंकी डांस किया। ख्वाहिश अधूरी रह गई सर। बिग बी फिर विद्या को स्टेज पर डांस करने के लिए कहते हैं। दोनों ने फिर इसी गाने पर डांस किया। बिग बी ने आखिरकार विद्या की इस पुरानी ख्वाहिश को पूरा कर ही दिया। इस वीडियो पर फैंस दोनों पर खूब प्यार लुटा रहे हैं। सभी को दोनों का डांस पसंद किया। कोई कमेंट कर रहा है कि मजा आ गया दो टैलेंटेड एक्टर्स को साथ देखकर। एक ने लिखा कि दोनों को फिर साथ कास्ट कर दो कोई।

## रजनी बन घर-घर मशहूर हुई प्रिया

**नई दिल्ली।** प्रिया तेंदुलकर ने फिल्म-टीवी दोनों ही मीडियम में काम किया था। उन्होंने फिल्मों में, धारावाहिकों में बेहतरीन अभिनय के जरिए दर्शकों



के दिलों में खास जगह बनाई थी। खासकर दूरदर्शन पर साल 1985 में धारावाहिक 'रजनी' से वह दर्शकों के बीच बहुत लोकप्रिय हो गई थीं। इस धारावाहिक में उन्होंने एक गृहिणी की भूमिका निभाई थी, जो कि भ्रष्टाचार और सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लड़ती है। इस धारावाहिक ने उस समय सामाजिक बदलाव लाने में अहम भूमिका निभाई थी और प्रिया तेंदुलकर को घर-घर मशहूर भी कर दिया था। इसके अलावा वह कॉमेडी सीरियल 'हम पांच(1995)' का भी हिस्सा रहीं। इस सीरियल में भी उनके किरदार को काफी पसंद किया गया। उन्होंने मॉडलिंग में काम किया और बतौर न्यूज रीडर भी जॉब की। लेकिन कहीं भी उनका मन नहीं लगा। आखिर में उन्होंने एक्टिंग की राह ही पकड़ी। प्रिया ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत श्याम बेनेगल की फिल्म 'अंकुर (1974)' से की थी।

# साई पल्लवी के साथ काम करना चाहते हैं मणिरत्नम

*मुंबई। शिवकार्तिकेयन और साई पल्लवी अभिनीत 'अमरन' के प्री रिलीज इवेंट का आयोजन किया गया। प्रसिद्ध फिल्म निर्माता लोकेश कनगराज और मणिरत्नम भी इस फिल्म में शामिल हुए।*



*इस बातचीत के दौरान मणिरत्नम ने साई पल्लवी के साथ काम करने की इच्छा जताई। मणिरत्नम ने साई पल्लवी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि वह उनके बहुत बड़े प्रशंसक हैं। निर्देशक ने कहा, मैं तुम्हारा बहुत बड़ा प्रशंसक हैं। मैं आशा करता हूं कि कभी मुझे भी तुम्हारे साथ काम करने का मौका मिलेगा। इसके बाद कार्यक्रम स्थल पर जोर से तालियां बजने लगीं। इसमें सबसे ज्यादा संख्या साई पल्लवी के प्रशंसक शामिल रहे। साई पल्लवी ने इस बात पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, सिनेमा में आने से पहले, मैं कई सारे निर्देशकों को नहीं जानती थी लेकिन मैं मणिरत्नम का नाम पहले से जानती थी। वह एक बड़ा कारण हैं, जिनके लिए मैंने अपनी सक्रिप्ट और किरदारों को लेकर इतनी सजग रहती हूं।*

*सीन से पहले पीते थे रम, कहते 'आंखों में शराब दिखनी चाहिए'*

# 'देवदास' के बाद शाहरुख को लग गई थी शराब की लत...

**मुंबई।** बॉलीवुड के बादशाह सुपरस्टार शाहरुख खान ने हाल ही में 2002 की फिल्म 'देवदास' के बारे में बात की। उन्होंने ये भी कहा कि इसके बाद उन्हें शराब की लत लग गई थी। 'देव' को प्ले करने में बहुत मेहनत लगी, लेकिन उन्होंने बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड भी जीता। संजय लीला भंसाली को फिल्म ने जबरदस्त सफलता दिलाई। हालांकि, हाल ही में एक इंटरव्यू में, किंग खान ने खुलासा किया कि कैसे देव के कैरेक्टर ने उनकी जिंदगी बदल दी।

***करना चाहते थे बड़े रोल :*** उन्होंने बताया कि कैसे उस समय वह छोटे रोल्स नहीं करना चाहते थे। ऐसा इसलिए क्योंकि वह अपने दिवंगत माता-पिता को प्राउड कराना चाहते थे।

***दिलीप कुमार और उत्तर कुमार के रास्ते पर चले :*** शरत चंद्र चट्टोपाध्याय के उपन्यास पर आधारित भंसाली की फिल्म में शाहरुख एक परेशान शराबी 'देव' का रोल कर



रहे थे, एक ऐसा किरदार जिसे पहले उत्तम कुमार और दिलीप कुमार जैसे कई एक्टर्स ने निभाया था।

***फिल्म के बाद लगी शराब पीने की लत :*** उन्होंने कहा- मैंने उस एक हारे हुए आदमी को प्ले किया है, जिसके पास प्यार के लिए अपने कारण थे मैं चाहता था कि वह असली हो मैंने सेट पर थोड़ी शराब पी थी इससे मदद मिली, लेकिन मैंने फिल्म के बाद शराब पीना शुरू कर दिया। तो यह इसका एक नकारात्मक पहलू था।

***किसी कैरेक्टर में डूब जाते थे शाहरुख :*** शाहरुख खान जब अपने करियर के बारे में बात करते हैं, तो बताते हैं कि किसी कैरेक्टर के लिए वो उसमें डूब जाते थे। यही कारण था कि देव को प्ले करने के लिए उन्होंने शराब पी।

### करने लगे मेथड-एक्टिंग

ऐसे रोल की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए, शाहरुख ने 'देव' के लिए मेथड-एक्टिंग को फॉलो करने का फैसला किया, जिसके लिए उन्हें कुछ सीन्स में शराब पीने की जरूरत थी।

### बैक-टू-बैक पीते थे रम

इस साल की शुरुआत में, बातचीत में शाहरुख के को-एक्टर टीकू तल्सानिया ने याद किया था कि कैसे शाहरुख फिल्म के कुछ सीन्स की शूटिंग से पहले रम के बैक-टू-बैक शॉट्स लेते थे।

### एक्टिंग तो हो जाएगी पर...

उन्होंने जब उनसे इस बारे में पूछा तो शाहरुख ने कहा- सर, एक्टिंग तो हो जाएगी। आंखों में शराब दिखती नहीं है ना, उसका क्या।

### ब्लॉकबस्टर हुई 'देवदास'

ये किस्से इस बात को दिखाते हैं कि क्यों शाहरुख खान को एक सच्चे सुपरस्टार के रूप में जाना जाता है। ऐश्वर्या राय बच्चन और माधुरी दीक्षित के साथ वाली शाहरुख खान की 'देवदास' एक ब्लॉकबस्टर हिट बन गई।

## बना सबसे अमीर एक्टर फिर आखिरी वक्त में 60 हजार में बेचना पड़ा घर

# इस सुपरस्टार की हर फिल्म 25 हफ्ते तक चलती थीं सिनेमाघरों में

*नई दिल्ली। इंटरनेट और OTT के इस दौर में आज की नई पीढ़ी जुबली स्टार की अहमियत शायद ही समझ सकेगी. दरअसल, जुबली स्टार ये एक तमगा था, जो गुजरे जमाने के मशहूर एक्टर राजेंद्र कुमार को दिया गया था। क्योंकि. इस सुपरस्टार की हर फिल्म थिएटर में 25 हफ्तों तक गुलजार रहती थी। आज के दौर में, जहां हर हफ्ते दर्जनों फिल्में और उससे दोगुनी वेब सीरीज रिलीज होती हैं, वहां जुबली स्टार होने की कल्पना भी मुश्किल है। हाल ही में, एक इंस्टाग्राम अकाउंट ने राजेन्द्र कुमार के फोटोज के साथ एक दिलचस्प रील बनाई है, जो उनके शानदार करियर की कहानी बयां करती है।*

### इसलिए जुबली स्टार पड़ा नाम

राजेन्द्र कुमार ने 60 के दशक की शुरुआत में कार्टर रोड पर एक भूतिया बंगला खरीदा और फिर उनकी किस्मत रातों-रात बदल गई। 1963 से 1966 के बीच आई उनकी सभी फिल्में हिट रहीं। उनका नाम तब जुबली कुमार के नाम से मशहूर हो गया, क्योंकि उनकी हर फिल्म थिएटर में 25 हफ्तों तक चलती थी। वे अपने समय के सबसे अमीर एक्टर्स में शामिल हो गए थे, लेकिन उन्हें कभी कोई अवॉर्ड नहीं मिला। फिर 1970 में राजेश खन्ना के आगमन के साथ ही उनके करियर का सितारा ढलने लगा। अब उन्हें सपोर्टिंग रोल्स के ऑफर मिलने लगे और आर्थिक स्थिति बिगड़ने लगी। 1980 में, उन्होंने अपने बेटे कुमार गौरव को लॉन्च करने का फैसला किया। कुमार गौरव की पहली फिल्म 'लव स्टोरी' सुपरहिट रही, लेकिन उसके बाद उनकी कोई भी फिल्म नहीं चली।



### आखिरी दिनों में बेचना पड़ा था बंगला

बेटे के लिए लगातार फिल्में बनाने के चलते राजेन्द्र को अपना बंगला भी बेचना पड़ा। उन्होंने 60 हजार में अपना बंगला राजेश खन्ना को बेच दिया और उस रात रोते रहे। 68 की उम्र में उन्हें ब्लड कैंसर हुआ, लेकिन राजेन्द्र ने अपनी शर्तों पर जीने का फैसला किया। दवा खाने से उन्होंने मना कर दिया और अपने बेटे के जन्मदिन की अगली रात हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई। इस तरह, एक अमीर सुपरस्टार की जिंदगी का अंत बेहद दर्दनाक रहा। ये कहानी न केवल उनके संघर्ष और स्टारडम की है, बल्कि ये कहानी जिंदगी के चढ़ाव और उतार की है। ये कहानी जिंदगी में मिलने वाली सफलता और असफलता की भी है। ये कहानी हमें ये भी बताती है कि ऊंचे से ऊंचे मुकाम पर पहुंचने के बाद भी संघर्ष कैसे जारी रहता है।

